CAREERINDIA

**2024**
**HINDI**

**Total Marks: 80** **Time: 3 hours**

**General instructions:**

i) *Approximately 15 minutes is allotted to read the question paper and revise the answers.*
ii) *The question paper consists of 24 questions divided into 4 sections A, B, C& D.*
iii) *Attempt questions based on specific instructions for each part. Write the correct number in your answer sheet to indicate the option/s being attempted.*
iv) *General and Internal choice have been provided in some questions.*

***N.B: Check that all pages of the question paper is complete as indicated on the top left side.***

## SECTION – A (पठन परीक्षण)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए**

आज किसी भी व्यक्ति का सबसे अलग एक टापू की तरह जीना संभव नहीं रह गया है। मानव समाज में विभिन्न पंथों और विविध मत मतांतरों के लोग साथ-साथ रह रहे हैं। ऐसे में यह अधिक आवश्यक हो गया है कि लोग एक दूसरे को जानें, उनकी आवश्यकताओं एवं उनकी इच्छाओं-आकांक्षाओं को समझें, उन्हें वरीयता दें और उनके धार्मिक विश्वास, पूजा-पद्धतियों, अनुष्ठानों को सम्मान दें। भारत जैसे देश में यह और भी अधिक आवश्यक है क्योंकि यह देश किसी एक धर्म, मत या विचारधारा का नहीं है। स्वामी विवेकानंद इस बात को समझते थे। अपने आचार-विचार में वे अपने समय से बहुत आगे थे। उन्होंने धर्म को मनुष्य की सेवा के केंद्र में रखकर ही अध्यात्मिक चिंतन किया था। उन्होंने यह विद्रोही बयान दिया कि इस देश के 33 करोड़ भूखे, दरिद्र और कुपोषण के शिकार लोगों को देवी-देवताओं की तरह मंदिरों में स्थापित किया जाए और मंदिरों से देवी-देवताओं की मूर्तियों को हटा दिया जाए। उनका दृढ मत था कि विभिन्न धर्म-संप्रदायों के बीच संवाद होना ही चाहिए। वे विभिन्न संप्रदायों की अनेकरूपता को उचित और स्वाभाविक मानते थे। स्वामीजी विभिन्न धार्मिक आस्थाओं के बीच सामंजस्य स्थापित करने के पक्षधर थे और सभी को एक ही धर्म का अनुयायी बनाने के विरुद्ध थे। वे कहा करते थे यदि सभी मानव एक ही धर्म को मानने लगे, एक ही पूजा-पद्धति को अपना लें और एक सी नैतिकता का अनुपालन करने लगे, तो यह सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात होगी क्योंकि ये सब हमारे धार्मिक और आध्यात्मिक विकास के लिये प्राणघातक होंगे तथा हमें हमारी सांस्कृतिक जडो से काट देंगे। स्वामी विवेकानंद हिंदू धर्म में सुधार लाना चाहते थे और हिंदुओं में गर्व तथा आत्मविश्वास का भाव उत्पन्न करना चाहते थे। हिंदू धर्म एक ओर रूढ़िवादिता और दूसरी ओर अंग्रेजों द्वारा देश पर पश्चिमी विचार थोपे जाने से पीड़ित था। विवेकानंद का सबसे बड़ा योगदान यह था कि उन्होंने औपनिवेशक शासन से मुक्ति के लिये संघर्ष को आध्यात्मिक आधार दिया और नैतिक व सामाजिक दृष्टि से हिंदू समाज में उत्थान के लिए काम किया।

I. **दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए:** **4x1=4**

www.careerindia.com

CAREERINDIA

a. टापू की तरह जीने से लेखक का क्या आशय है?
(i) घमंड में रहना (ii) समाज से अलग रहना
(iii) समाज से जुड़कर रहना (iv) विनम्र रहना

b. विवेकानंद ने धर्म को किस दृष्टि से देखा था?
(i) मनुष्य की सेवा (ii) पशु-सेवा
(iii) ईश्वर की आराधना (iv) आध्यात्मिक जागरण

c. विभिन्न पंथों और मत-मतांतरों के लोग मिलकर नहीं रहेंगे तो उसका क्या परिणाम होगा ?
(i) समाज में शांति स्थापित होगी।
(ii) धार्मिक संस्थानों से विवाद नहीं होगा।
(iii) सभी का जीवन और अधिक कठिन हो जाएगा।
(iv) सभी का जीवन सुखमय हो जाएगा।

d. विवेकानंद ने 33 करोड़ देवी-देवता किनके लिए प्रयोग किया है?
(i) गायों के लिए (ii) भूखे और दरिद्र जनता के लिए
(iii) मूर्तियों के लिए (iv) पत्थरों के लिए

II. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

e. 'उत्थान' का विलोम शब्द लिखिए। **1**

f. स्वामी विवेकानंद किस धर्म में सुधार लाना चाहते थे? **1**

g. धर्म और संप्रदायों के बीच संवाद होने से समाज को क्या लाभ होगा? **2**

h. प्रस्तुत गद्यांश के माध्यम से लेखक ने क्या सन्देश दिया है? **2**

## SECTION – B (संरचना)

2. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 150 से 200 शब्दों में लिखिए :**

**a.** 'इंटरनेट' विषय पर एक निबंध लिखिए।

**अथवा** **6**

**b.** दो मित्रों के बीच 'पेड़ों की उपयोगिता' विषय पर चर्चा करते हुए एक संवाद को लिखिए।

3. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए:**

**a.** मुद्रित प्रति का व्याकरण एवं संरचना संबंधी त्रुटियों को संशोधित करते हुए संपादन कीजिए:

www.careerindia.com

CAREERINDIA

एक मोरनी था वह अपने तीन बच्चों के साथ जंगल में रहते थे। एक दिन मोरनी बच्चों की खेत में ले गया। सारे बच्चे माँ के पीछे पीछे चल रही थी। लेकिन तीसरा बच्चा चंचल थी। वह इधर उधर देखने लगी है। रास्ता भटक गई माँ ने घबराकर क्वाक-क्वाक का आवाज लगायी।

**अथवा** **4**

b. अपने मित्र /सहेली को अपने बड़े भाई के विवाह में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित करते हुए लगभग 50 शब्दों में एक निमंत्रण पत्र लिखिए।

## SECTION – C(व्याकरण एवं अनुवाद)

4. **संधि-विच्छेद कीजिये :** **2x1=2**

a. महेश b. अत्यधिक

5. **दिए गए सामासिक पदों का विग्रह कीजिए :** **2x1=2**

a. नवरत्न b. सत्याग्रह

6. **निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :** **2x1=2**

a. रात b. सूरज

7. **दिए गए मुहावरों का अर्थ वाक्य-प्रयोग द्वारा स्पष्ट कीजिए:** **2x1=2**

a. नींद हराम करना b. मुँह फेरना

8. श्लेष अलंकार की परिभाषा लिख कर एक उदाहरण दीजिए। **2**

9. चौपाई को परिभाषित करते हुए एक उदाहरण के माध्यम से स्पष्ट कीजिए। **2**

10. हिंदी में अनुवाद कीजिए : **3**

Saramati is the highest peak in Nagaland. Snow clad throughout winter and located on the Nagaland – Myanmar border, it traces a beautiful climb dotted with Rhododendrons along its path. Saramati is a three day trek from either Pungro or Salomi.

## SECTION – D (साहित्य)

### गद्य-भाग

11. **दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए :** **4x1=4**

a. लेखक का मित्र बाजार क्यों गया था?

(i) एक मामूली चीज़ लाने (ii) बंडल लाने
(iii) खिलौने लाने (iv) राशन लाने

b. 'जेन्युए' नामक बालिका कहाँ रहती थी?

(i) जोत्सोमा (ii) केदिमा

www.careerindia.com

CAREERINDIA

(iii) रुक्रेहामा (iv) विस्वेमा

c. किसकी हँसीं इंसानों जैसी नहीं है?

(i) शर्मा (ii) संतोष

(iii) रमेश (iv) मोहन

d. त्रिशंकु पाठ के अनुसार शेखर कौन था?

(i) साधारण व्यक्ति (ii) छात्र

(iii) नेता (iv) भाई

12. 'बहुत बड़ा सवाल' एकांकी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। **2**

13. उजड़े हुए खेत की दशा देखकर हल्कू क्यों प्रसन्न था? **2**

14. कोसोहो ने अपनी पत्नी तथा पुत्र को घर से क्यों निकाल दिया? **3**

15. **a.** निम्न कथन किसने, किससे तथा क्यों कहा है?

"यह देखिए, सब उड़ गया, अभी जो रेल टिकट के लिए भी बचा हो।"

**अथवा** **1+1+2=4**

**b.** "माघ पूस की रात हार में कैसे कटेगी?"

16. किसी एक गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए

a. *उन लोगों के दो नाम थे- इंदर सेना या मेंढक मंडली। बिल्कुल एक दूसरे के विपरीत। जो लोग उनके नग्न-स्वरुप शरीर, उनकी उछल-कूद, उनके शोर-शराबे और उनके कारण गली में होने वाली कीचड़ कांदो से चिढते थे, वे उन्हें कहते थे- मेंढक मंडली। उनकी अगवानी गालियों से होती थी। वे होते थे दस-बारह से सोलह-अठारह बरस के लड़के, सांवला नंगा-बदन, सिर्फ एक जाँघिया या कभी-कभी सिर्फ लंगोट। एक जगह इकट्ठे होते थे। पहला जयकारा लगता था, "बोलो गंगा मैया की जय।" जयकारा सुनते ही लोग सावधान हो जाते थे। स्त्रियाँ और लड़कियाँ छज्जे-बारजे से झाँकने लगती थीं और यह विचित्र नंग-धड़ंग टोली उछलती-कूदती समवेत पुकार लगाती थी।*

(i) मंडली के क्या नाम होते थे? **1**

(ii) लोग मेंढक मंडली से क्यों चिढ़ते थे? **1**

(iii) किनकी अगवानी गालियों से होती थी? **1**

(iv) इंदर-सेना में कितने बरस के लड़के होते थे? **1**

(v) इंदर-सेना किसका जयकारा लगाती थी? **1**

www.careerindia.com

CAREERINDIA

अथवा

b. *मेरे भीतर अपनी ही एक दुनिया बनती चली जा रही थी। बडी भरी-पूरी और रंगीन। आजकल मुझे किसी की जरूरत ही महसूस नहीं होती। लगता जैसे मैं अपने में ही पूरी हूँ। हमेशा साथ में रहने वाली ममी भी आउट होती जा रही है और शायद यही कारण है कि इधर मैंने ममी पर ध्यान देना ही छोड दिया है। रोजमर्रा की बाते तो होती हैं, पर केवल बाते ही होती हैं- उसके परे कही कुछ नहीं।*

(i) किसके भीतर एक दुनिया बनती चली जा रही थी? (1)

(ii) तनु के भीतर किस प्रकार की दुनिया बन रही थी? (1)

(iii) तनु को क्या लगने लगा? (1)

(iv) तनु ने किस पर ध्यान देना छोड़ दिया? (1)

(v) तनु की माँ से किस प्रकार की बातें होती थी? (1)

**पद्य भाग**

17. **दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :** **2x1=2**

a. अपने अहित की आशंका से शरणागत का त्याग करने वाले व्यक्ति को तुलसीदास ने क्या कहकर बुलाया है?

(i) पशु (ii) देवता
(iii) संत (iv) ज्ञानी

b. पतंग की क्या विशेषता होती है?

(i) हल्का (ii) भारी
(iii) लम्बा (iv) चौड़ा

18. तुलसीदास के अनुसार मुखिया को कैसा होना चाहिए? **2**

19. 'घर की याद' कविता में माँ के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं का वर्णन किया गया है? **2**

20. **a.** *पृथ्वी घूमती हुई आती है, उनके बेचैन पैरों के पास,*

*जब वे दौड़ते हैं बेसुध, छतों को भी नरम बनाते हुए।*

(i) ये पंक्तियाँ किस कविता से ली गई हैं? **1**

(ii) इस कविता के रचनाकार कौन हैं? **1**

(iii) इन पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए। **2**

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**अथवा**

**b.** *हे सजीले हरे सावन, हे कि मेरे पुण्य पावन,*

*तुम बरस लो वे न बरसे, पाँचवे को वे न तरसे।*

(i) ये पंक्तियाँ किस कविता से ली गई हैं? (1)

(ii) इस कविता के रचनाकार कौन हैं? (1)

(iii) दिए गए पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए। (2)

21. किसी एक पद्यांश का संदर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए :

**a.** *सचमुच मुझे दंड दो कि भूलूँ मैं, भूलूँ मैं,*

*तुम्हें भूल जाने की,*

*दक्षिणी ध्रुवी अंधकार-अमावस्या,*

*शरीर पर चेहरे पर अंतर में पा लूँ मैं,*

*झेलूँ मैं, उसी में नहा लूँ मैं।*

**अथवा** **5**

**b.** *पायो नाम चारूचिंतामनि, उर कर ते न खसैहौं।*

*श्यामरूप सूची रुचिर कसौटी चित कंचनहि कसैहौं।*

*परबस जानि हँस्यों इन इंद्रिन, निज बस है न हंसैहौं।*

*मन मधुकर पन कै तुलसी, रघुपति पद कमल बसैहौं।*

**कथा साहित्य**

22. निर्मला के विवाह के समय उसके पति के कितने पुत्र थे और उनके क्या नाम थे? **2**

23. निर्मला की सगाई टूटने का क्या कारण था? **3**

24. किसी एक गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**a.** *मंसाराम की अकाल मृत्यु से तोताराम निराश और हतोत्साहित हो गए। धंधे की ओर उदासीन रहने के कारण उनकी आमदनी भी कम हो गई। मकान नीलाम हो*

www.careerindia.com

*जाने और पुत्री आशा के जन्म लेने पर निर्मला में भी बहुत परिवर्तन हो जाता है। अब उसे घर चलाने की भी बहुत फिक्र होने लगी है। वह एक-एक पैसा बचाने लगी। परंतु मझले पुत्र जियाराम ने उसके गहने चुरा लिए और वह भिखारी सी बन गयी। फिर भी वह कुछ न बोली क्योंकि वह बड़ी सहनशील नारी थी। जब पुलिस खोज करने आई तो उसने अपने पास जो रुपये बचे हुए थे, वे दे दिए और अपने घर की इज्जत बचाई।*

(i) मुंशी तोताराम निराश और हतोत्साहित क्यों हो गए थे? **1**

(ii) निर्मला ने किसे जन्म दिया था? **1**

(iii) किसने निर्मला के गहनों का संदूक चुरा लिया था? **1**

(iv) मुंशी तोताराम की आमदनी क्यों कम हो गई थी? **1**

(v) निर्मला ने अपने घर की इज्जत कैसे बचायी? **1**

**अथवा**

**b.** *उस दिन से निर्मला का रंग ढंग बदलने लगा। अपने को कर्तव्य पर मिटा देने का निश्चय कर लिया। अब तक नैराश्य के संताप में उसने कर्तव्य पर ध्यान ही न दिया था। उसके हृदय में विप्लव की ज्वाला सी दहकती रहती थी, जिसकी असहाय वेदना ने उसे संज्ञानहीन सा कर रखा था। अब उस वेदना का वेग शांत होने लगा। उसे ज्ञात हुआ कि मेरे लिए जीवन का कोई आनंद नहीं। उसका स्वप्न देखकर क्यों इस जीवन को नष्ट करू। संसार में सब के सब प्राणी सुख सेज ही पर तो नहीं सोते। मैं भी उन्हीं अभागों में से हूँ।*

(i) किसका रंग-ढंग बदलने लगा था? (1)

(ii) किसने कर्तव्य पर खुद को मिटा देने का निश्चय किया? (1)

(iii) निर्मला के मन में किस प्रकार की ज्वाला दहकती रहती थी? (1)

(iv) किसके जीवन में कोई आनंद नहीं है? (1)

(v) किन बातों ने निर्मला को संज्ञानहीन बना दिया था? (1)

*******************************

CAREERINDIA
www.careerindia.com